आवश्यक सूचना

भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय(राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग), बिहार, पटना के अधीन संविदा आधारित पदों यथा विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी/ विशेष सर्वेक्षण कानूनगो/विशेष सर्वेक्षण लिपिक एवं विशेष सर्वेक्षण अमीन का पूरक परीक्षाफल संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद (BCECEB) द्वारा प्रकाशित किया गया है, जिसके आलोक में योगदान की प्रक्रिया अन्तर्गत जिला पदस्थापन हेतु चयनित अभ्यर्थियों से विकल्प की मांग की गयी थी।

अभ्यर्थियों से प्राप्त विकल्प के आलोक में संविदा आधारित विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी/विशेष सर्वेक्षण कानूनगो/विशेष सर्वेक्षण लिपिक एवं विशेष सर्वेक्षण अमीनों को जिला आवंटित कर दिया गया है, जिसे निदेशालय के वेबसाईट https:dlrs.bihar.gov.in के "Transfer Posting Section" में देखा जा सकता है।

योगदान संबंधी अग्रतर कार्रवाई की सूचना वेबसाईट पर बाद में प्रकाशित की जाएगी।